दिन– रविवार	दिनांक– 06/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।	अवधिः– 05 मिनट

---

प्रसिद्ध व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के मामले में पुलिस ने पटना के बेऊर केंद्रीय कारा में छापेमारी की है। कई घंटे तक चली छापेमारी में पुलिस ने जेल में बंद सौ से अधिक कैदियों से पूछताछ की। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी ने पटना और आसपास के जिलों में दस से अधिक जगहों पर छापेमारी की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गोपाल खेमका की हत्या के मामले में शामिल अपराधियों की तत्काल पहचान कर उनपर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि गोपाल खेमका की हत्या में शामिल अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इधर, कांग्रेस ने एनडीए पर बिहार को क्राइम कैपिटल बनाने का आरोप लगाया है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि राज्य मे एनडीए की सरकार अपराध रोकने के मामले में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।

गोपाल खेमका हत्याकांड मामले पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि आज बिहार में अपराधियों का बोलबाला है। श्री यादव ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रसिद्ध व्यवसायी की हत्या से पूरा व्यापारिक समाज स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि आज राज्य के व्यापारी बिहार छोड़कर जाना चाहते है। इधर, तेजस्वी यादव के बयान पर पलटबार करते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने कहा कि उन्नीस सौ नब्बे–इक्यानवें में लालू यादव के शासनकाल में अधिकांश व्यापारी पटना, जमशेदपुर और राँची छोड़ चुके थे। हमने उनके पुनर्वास की व्यवस्था की।

————————————————————

पटना के गांधी मैदान में आज सनातन महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। महाकुंभ में जगतगुरू श्री सरूपानंद सरस्वती जी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी शामिल हुए हैं। इस महाकुंभ का नेतृत्व पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार चौबे कर रहे हैं।

————————————————————————————

मुहर्रम की आज दसवीं तारीख है। हजरत इमाम हुसैन और बहत्तर साथियों की शहादत की याद में यौम–ए–आशूरा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया और मातमी जुलूस का आयोजन किया गया है। मुहर्रम को लेकर प्रदेशभर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गई हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी थानों को जुलूस मार्ग पर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज दराद ने बताया कि पटना, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, पूर्णियां, सीवान, कटिहार, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और अररिया सहित अठारह जिलों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। श्री दराद ने लोगों से शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की है।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि हजरत इमाम हुसैन का बलिदान धर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत लोगों को विपरीत परिस्थितियों में भी सच्चाई का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करती है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा है मुहर्रम हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलते हुए जीवन के उच्च आदर्शो और मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में हजरत इमाम हुसैन और करबला के अन्य शहीदों की कुर्बानियों को नमन किया है। श्री कुमार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये लोगों से शहीदों के आदर्शों को अपनाने की अपील की है।

———————————————————————————————————

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश दर्ज की गई। वहीं, प्रदेश के शेष भाग में मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसके प्रभाव से बारह जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्की बारिश की संभावना है। विभाग ने सात जुलाई को राज्य के दक्षिण और उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ जिलों में तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————————————

समाप्त